हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
(तिथि 11 सितम्बर 2024, समय 1305 (5 मिनट)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि जलवायु परिवर्तन और ऊर्जा परिवर्तन वैश्विक चिंताएं हैं और हरित हाइड्रोजन को बढ़ावा देने के लिए अंतर्राष्ट्रीय साझेदारी महत्वपूर्ण है।ग्रीन हाइड्रोजन पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि सहयोग से उत्पादन बढ़ाने, लागत कम करने और बुनियादी ढांचे के निर्माण में तेजी से प्रगति की जा सकती है। उन्होंने कहा कि यह महसूस किया जा रहा है कि जलवायु परिवर्तन केवल भविष्य का मामला नहीं है बल्कि इसका प्रभाव इस समय भी देखा जा रहा है।श्री मोदी ने कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा और स्थिरता वैश्विक नीति के निर्माण के लिए हो रहे विचार-विमर्श का केंद्र बन गये हैं। प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत एक स्वच्छ और हरित धरती बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हरित ऊर्जा पर अपनी पेरिस प्रतिबद्धताओं को पूरा करने वाले जी-20 देशों में भारत पहला है। उन्होंने बताया कि ये प्रतिबद्धताएं 2030 के लक्ष्य से नौ साल पहले ही पूरी कर ली गईं।श्री मोदी ने यह भी रेखांकित किया कि पिछले दस वर्षों में भारत की गैर-जीवाश्म ईंधन क्षमता में लगभग 300 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और इसी अवधि के दौरान देश की सौर ऊर्जा क्षमता में 3,000 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है।

****

केंद्र सरकार ने कहा है कि साइबर अपराध और वित्तीय धोखाधड़ी में शामिल होने के कारण एक करोड़ से अधिक मोबाइल कनेक्शन बंद कर दिए गए हैं। लगभग दो लाख, 27 हजार मोबाइल हैंडसेट भी ब्लॉक किए गए। दूरसंचार विभाग ने कहा है कि इन कनेक्शनों की पहचान **संचार साथी** पहल से की गई थी।विभाग ने भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण के सहयोग से उच्च गति डेटा के साथ स्पैम मुक्त गुणवत्ता वाली दूरसंचार सेवा प्रदान करने के लिए कई उपाय किए हैं। प्राधिकरण ने टेलीकॉम ऑपरेटरों को रोबोकॉल और प्री-रिकॉर्डेड कॉल सहित स्पैम कॉल का उपयोग करने वाली इकाइयों को बंद करने और उन्हें काली सूची में डालने का भी निर्देश दिया है। काबिले गौर है कि पिछले एक पखवाड़े में तीन लाख पचास हजार से अधिक स्पैम नंबरों को भी बंद कर दिया गया है। 50 संस्थाओं को काली सूची में डाल दिया गया है।

जननायक जनता पार्टी के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ रही आजाद समाज पार्टी कांशीराम ने कहा है कि पार्टी 25 सीटों पर चुनाव लड़ रही है।पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्र शेखर आजाद ने

एक पत्र जारी कर यह जानकारी दी है। पार्टी नारायणगढ़, अंबाला शहर, सढौरा, जगाधरी, रादौर, पुंडरी, नीलोखेड़ी, कलानौर, महेंद्रगढ़, फरीदाबाद , इंद्री, करनाल, पानीपत शहर, खरखौदा, सोनीपत शहर और भिवानी

से चुनाव लड़ेगी। इसके इलावा बहादुरगढ़, रेवाड़ी, बादशाहपुर, सोहना, पुन्हाना, पलवल, पृथला, बड़खल और बल्लभगढ़ सीटों पर भी भाग्य आजमाएगी।

****

आम आदमी पार्टी ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए कल शाम 11 उम्मीदवारों की सूची जारी की।पार्टी ने रादौर से भीम सिंह राठी, नीलोखेड़ी से अमर सिंह, इसराना से अमित कुमार और राई से राजेश सरोहा को चुनाव मैदान में उतारा है जबकि खरखौदा से मनजीत फरमाना, गढ़ी सांपला किलोई से प्रवीण गुसखानी, कलानौर से नरेश बागरी और झज्जर से महेंद्र दहिया को उम्मीदवार बनाया गया है। सूची के अनुसार सुनील राव अटेली से, सतीश यादव रेवाड़ी से और कर्नल राजेंद्र रावल हथीन से पार्टी उम्मीदवार होंगे।

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने कहा कि चुनाव डयूटी के दौरान मतदान कर्मियों व सुरक्षा कर्मियों की हिंसक घटनाओं, बम धमाके या संशस्त्र हमले या गोलीबारी इत्यादि के कारण मृत्यु हो जाने पर उनके परिवारजनों को 30 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इसी प्रकार, डयूटी पर किसी अन्य कारणों से मृत्यु हो जाने पर 15 लाख रुपये, असामाजिक तत्वों के हमले के कारण कर्मचारी के स्थायी दिव्यांग होने पर 15 लाख रुपये तथा शरीर के किसी अंग या आंखों की दृष्टि जाने की स्थिति में 7 50 हज़ार लाख रुपये की वित्तीय सहायता परिवारजनों को दी जाएगी।श्री पंकज अग्रवाल ने कहा कि चुनाव डयूटी के दौरान दी जाने वाली यह अनुग्रह राशि केंद्रीय गृह मंत्रालय या राज्य सरकार या अन्य नियोक्ता द्वारा दी जाने वाले अनुकंपा राशि से अतिरिक्त होगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि चुनाव डयूटी की समयावधि चुनावों की घोषणाओं की तिथि से लेकर परिणाम की तिथि तक मानी जाएगी ।उन्होंने बताया कि अनुग्रह राशि की प्रक्रिया शुरू करने की जिम्मेवारी जिला निर्वाचन अधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक की होगी जो कर्मचारी की मृत्यु,या दिव्यांगता होने की घटना की तिथि से 10 दिन के अंदर-अंदर आरंभ करनी होगी।